KENDRIYA VIDYALAYA NO.2 AFS, GWALIOR

3 DAYs WORKSHOP ON **e-GRANTHALAYA** SOFTWARE FOR AUTOMATION AND NETWORKING OF KVs LIBRARIES IN ASSOCIATION WITH **NIC, NEW DELHI**

पत्रिका
बुधवार, 21 नवंबर 2012

नईदुनिया
ग्वालियर, बुधवार 21 नवंबर 2012

कार्यशाला का शुभारंभ

ग्वालियर. पुस्तकालय सभी शिक्षण संस्थानों की आत्मा होती है और इनका बच्चों के भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान होता है। यह बात मंगलवार को केन्द्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली, एनआईसी नई दिल्ली एवं आगरा संभाग के संयुक्त तत्वाधान में केन्द्रीय विद्यालय क्र. दो महाराजपुरा में सुबह 10 बजे संभागीय स्तर पर ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ पर डॉ जयदीप दास ने कही। इस वर्कशॉप में एनआईसी नई दिल्ली के वैज्ञानिक रविरंजन एवं रामकृष्ण बतौर निर्देशक उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं कर किया गया।

सिटी events

तीन दिवसीय वर्कशॉप आज से

केंद्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली एनआईसी और आगरा संभाग के तत्वाधान में मंगलवार से संभागीय स्तर पर तीन दिवसीय वर्कशॉप आयोजित की जाएगी। ई- ग्रंथालय सॉफ्टवेयर विषय पर होने वाली इस वर्कशॉप में संभाग के 38 केंद्रीय विद्यालयों के पुस्तकालयाध्यक्षों के साथ कम्प्यूटर शिक्षक भी शामिल होंगे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ई ग्रंथालय के जरिए केंद्रीय विद्यालयों में पुस्तकालय का नेटवर्क तैयार करना है। इस कार्यशाला का शुभारंभ आगरा संभाग के उपायुक्त जयदीप दास करेंगे, साथ ही इस अवसर पर एनआईसी दिल्ली के वैज्ञानिक रवि रंजन, निदेशक रामकृष्ण अकनूरी भी शिरकत करेंगे।

CITY भास्कर
ग्वालियर, बुधवार. 21 नवंबर, 2012

न्यूज गैलरी

कार्यशाला आज

ग्वालियर। केंद्रीय विद्यालय संगठन एनआईसी के तहत आगरा संभाग के तत्वावधान में संभागस्तरीय ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मंगलवार 20 नवंबर से किया जा रहा है। इसका शुभारंभ आगरा संभाग के उपायुक्त जयदीप दास करेंगे। इस कार्यशाला में 38 विद्यालयों के पुस्तकालयाध्यक्ष के साथ कम्प्यूटर शिक्षक भी भाग लेंगे। कार्यशाला में एनआईसी के वैज्ञानिक रवि रंजन व रामकृष्ण अकनूरी बतौर विषय संसाधक व निदेशक के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यशाला का संचालन विद्यालय की प्राचार्य रेखा सक्सेना की अध्यक्षता में होगा।